>

Title: Need to set up cluster for Potato farmers and Aroma University in Kanauj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज): सभापति महोदया, मेरे लोक सभा कन्नौज में आलू, सुगंधित फूल एवं सुगंधित फसलों की खेती प्रमुख रूप से होती है । हमारे क्षेत्र में आलू के भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था है । किन्तु प्रत्येक पांच साल में दो-तीन साल आलू की फसल अधिक हो जाने के कारण आलू की कीमत कम हो जाती है और आलू फेंकने की स्थिति बन जाती है, जिससे किसानों की लागत नहीं निकलती है और न ही आलू का भंडारण करने वाले व्यापारियों को भाड़ा ही मिल पाता है । किसानों और व्यापारी दोनों को ही भारी नुकसान उठाना पड़ता है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि कन्नौज के आस-पास के जनपद भी आलू उत्पादक हैं, कन्नौज में एक कलस्टर बनाया जाए, ताकि यहां आलू आधारित उद्योगों को लगा कर किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम दिलाया जा सके । इस बार आलू का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में हुआ है और भंडारण भी लगभग पूर्ण हो चुका है । अत: मैं सरकार से मांग करता हूं कि किसानों की आलू खरीद कर निर्यात की व्यापक व्यवस्था बनाई जाए ।

कन्नौज पूरी दुनिया में इत्र और सुगंध के लिए जाना जाता है । अत: कन्नौज में अरोमा यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाए, ताकि यहां सुगंधित फसलों पर शोध हो, जिससे यहां के किसानों की आय बढ़ाई जा सके और दुनिया भर में बढ़ रहे सुगंध के व्यापार का लाभ कन्नौज सहित उत्तर प्रदेश और देश को भी मिल सके ।